हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 जुलाई 2024



11 शुभ हैड ब्वॉय और छात्रा खुशी हैड गर्ल बनीं





12 कोर्ट के आदेश पर दुकान व मकान तोड़ दिलाया कब्जा




## खबर संक्षेप

### मुरथल विवि : सात शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने शोध समिति तथा परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 7 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एमएस धनखड़ ने बताया कि पीएचडी उपाधि के पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की निशा अग्रवाल, फिजिक्स से नीलम देवी व तृप्ता, केमिस्ट्री से मनीष कुमार शर्मा, क्रांति व रोहित तथा मानविकी से हर्षिता राठी शामिल हैं।

### बजाना में ट्रांसफार्म कर सामान चोरी, केस

**गन्नौर।** बजाना गांव में लगे 63 केवी ट्रांसफार्मर से चोर क्वायल व अन्य समान चोरी कर ले गए। जिस कारण विभाग को नुकसान हुआ है। एसडीओ ने चोरी की शिकायत गन्नौर थानां पुलिस को दी है। शिकायत में एसडीओ अभिषेक ने बताया कि बजाना गांव में जीत सिंह व रामकुमार के नाम से 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है।

### घर में घुसकर महिलाओं पर हमले का आरोप

**गन्नौर।** सैनी मोहल्ले में चार-पांच महिलाओं ने अपने पड़ोसी के घर घुसकर गाली-गलौच कर मारपीट की। आरोपितो ने नुकीली चीज से हमला कर दिया। हमले में महिला व उसकी मां घायल हो गई। शिकायत में सैनी महोल्ला निवासी रितिका ने बताया कि वह अपनी मां के साथ अपने घर पर थी। इस दौरान उनके पड़ोसी सपना भावना, अक्षय उसकी पत्नी मेघा व सुनीता उनके घर आए और गाली-गलौच करने लगे। उसने मना किया तो आरोपियों ने उसके व उसकी मां के साथ मारपीट की।

### नहर से पानी चोरी रोकने गई टीम को धमकी

**गोहाना।** भिवानी सब ब्रांच से गांव रिंढाना में तीन किसानों द्वारा पाइप लगाकर पानी चोरी करने का मामला सामने आया है। गश्त पर पहुंचे अधिकारियों ने किसानों को पाइप हटाने को कहा तो वे गाली देने लगे और जान से मारने की धमकी दी। अधिकारियों ने पुलिस की सहायता लेकर पाइप को कब्जे में लेकर गाड़ी में बैठकर चले तो किसानों ने बाइक पर उनका पीछा किया। बाद में मोबाइल पर फोन करके गाली और धमकी दी गई। एसडीओ की शिकायत पर बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया।

सिंचाई विभाग के एसडीओ अशोक बंसल ने पुलिस को बताया कि कनिष्ठ अभियंता रामप्रसाद और बेलदार संदीप के साथ भिवानी सब ब्रांच पर गश्त कर रहे थे। गश्त करते हुए गांव रिंढाना के क्षेत्र में पहुंचे तो वहां पर किसान बिजेंद्र, उसका भाई पालड़ और पवन पाइप लगाकर नहर से पानी की चोरी कर रहे थे। आरोप है कि आरोपियों ने टीम के साथ दुर्व्यवहार किया।

---

### शुक्रवार को शिविर में हुआ 13 का समाधान, 149 लंबित

# समाधान शिविर में आई 162 शिकायतों में से 105 पीपीपी और आधार कार्ड की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- 10 जून से अब तक 2817 शिकायतें मिली, 1384 का समाधान
- उपायुक्त की अनुपस्थिति में निगम आयुक्त ने सुनीं समस्याएं

प्रदेश सरकार के निर्देशों पर लगाए जा रहे समाधान शिविर के तहत जिले में शुक्रवार को समाधान शिविर के तहत कुल 162 शिकायतें प्राप्त की गई। जिसमें से केवल 13 शिकायतों का मौके पर समाधान हो पाया। बाकि की 149 शिकायतों को लंबित की श्रेणी में रखा गया है। दूसरी ओर 10 जून से लेकर अब तक लगाए गए समाधान शिविर में कुल 2817 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। इनमें से 1384 शिकायतों का समाधान हो चुका है, वहीं 1433 शिकायतें लंबित की श्रेणी में रखी गई हैं।

शुक्रवार को जिला स्तरीय समाधान शिविर में उपायुक्त की अनुपस्थिति में नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा की अध्यक्षता में समाधान शिविर लगाया गया। जिसमें निगमायुक्त ने कहा कि पूरा प्रशासन आपसी सामंजस्य के साथ शिकायतों का समाधान कर रहा है। शिविर को लेकर नागरिकों का रूझान बढ़ा है तथा नागरिक अपनी अर्जी लेकर उनका समाधान करवाने के लिए समाधान शिविर में पहुंच रहे हैं। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान करने में पूरा प्रशासन तालमेल के साथ काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान अधिकतर समस्याएं परिवार पहचान पत्र, प्लाटों, वोटर कार्ड, आयुष्मान चिरायु कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, सामाजिक पेंशन, जाति प्रमाण पत्र तथा अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित आ रही है, जिनका मौके पर ही समाधन किया जा रहा है।



**सोनीपत।** लोगों की समस्याएं सुनते निगम आयुक्त।

#### शुक्रवार को ऐसे चली सुनवाई

शुक्रवार को समाधान शिविर में सबसे अधिक शिकायतें परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड से संबंधित रही। इस श्रेणी में कुल 105 शिकायतें प्राप्त की गई, जिसमें से केवल 1 का मौके पर समाधान हो पाया। बची हुई 104 शिकायतों को लंबित की श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा रजिस्टी और इंतकाल से संबंधित 10 शिकायतें प्राप्त हुई, इसमें से 1 का समाधान और 9 लंबित रखी गई। 8 शिकायतें शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित थी, जिसमें से 1 का समाधान कर 7 लंबित रखी गई हैं। वहीं जिला समाज कल्याण विभाग से जुड़ी 9 शिकायतों में से 8 का समाधान किया गया, 1 शिकायत लंबित रखी गई।

**एक शिकायत ये भी :** समाधान शिविर में गांव पलड़ी खुर्द के रहने वाले रामदिया ने भी शिकायत दी थी। शिकायत में उसने आरोप लगाया कि जब से उन्हें गुरु घोषित किया गया है, तब से पूरा गांव ही एक तरफ हो गया है। ना तो कोई उसे उपले देता और ना ही पैसे देता है। जो भी गांव के मंदिर में आता है, वो उसके साथ झगड़ा करने पर उतारू हो जाता है। इसीलिये मंदिर में चौकी बिठाए जाए। शुक्रवार को आई इस शिकायत पर शिविर में सोनीपत पुलिस के डीसीपी को जांच और कार्रवाई के लिये भेजा गया है।

---

# 12 दिनों में दर्ज किए गए 1657 इंतकाल

**सोनीपत।** जिला स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर में लगभग रोजाना रजिस्ट्री व इंतकाल से संबंधित शिकायतें सामने आ रही हैं। जिन पर राजस्व विभाग तत्परता से कार्य कर रहा है। इसी का परिणाम है कि 12 दिनों में राजस्व विभाग ने कुल 1657 इंतकाल दर्ज किए हैं। अब इंतकाल से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिये सरल केन्द्र में प्रत्येक शनिवार व रविवार को लंबित पड़े इंतकाल दर्ज करने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में एक जुलाई 2024 से 12 जुलाई 2024 तक 1923 लंबित इंतकाल के मामले आए, जिनमें से 1657 इंतकाल पर फैसला लेते हुए इन्हे राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया गया। 266 इंतकाल अभी दर्ज किए जा रहे हैं।

विशेष शिविरों में सोनीपत तहसील के अंतर्गत 723 इंतकाल प्राप्त हुए, जिनमें से 615 इंतकाल पर फैसला लेते हुए उन्हें राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर लिया गया है। गन्नौर तहसील में 224 इंतकाल में से सभी पर फैसला लेते हुए दर्ज कर लिए गए हैं। गोहाना तहसील में 340, खरखौदा तहसील में 290, खानपुर कलां उप-तहसील में 114 इंतकाल प्राप्त हुए व सभी पर फैसला लेते हुए राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया गया। राई उप-तहसील में 1923 इंतकाल प्राप्त हुए, जिनमें से 1657 पर फैसला लिया व दर्ज किए गए।

बाकी बचे इंतकालों को भी जल्द राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर दिया जाएगा। वहीं समाधान शिविर में निशानदेही को लेकर कुल 130 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिनमें से 89 की निशानदेही करवा दी गई है और बची 41 निशानदेही पर कार्य किया जा रहा है इन्हें भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा।



> जिला की सभी तहसीलों से प्राप्त रिकार्ड के अनुसार समाधान शिविर, जनसंवाद व अन्य प्राप्त शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आम लोगों की सहायता के लिए प्रत्येक शनिवार व रविवार को सभी सरल केन्द्रों में इंतकाल दर्ज करने का कार्य किया जा रहा है।
> -हरिओम अत्री, जिला राजस्व अधिकारी, सोनीपत

---

# पट्टी जाटान में पांच एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी जमींदोज



**सोनीपत।** जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने शुक्रवार को सोनीपत पट्टी जाटान की राजस्व सम्पदा में 05 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी को ध्वस्त किया गया। इस दौरान 37 डीपीसी तथा 03 चारदीवारी को गिराया गया।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी (डीटीपी) नरेश कुमार ने लोगों से अपील की कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं। आगे भी अवैध निर्माण गिराए जाएंगे।

### वर्कर्स को प्ले स्कूल का दिया प्रशिक्षण

**गन्नौर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लघु सचिवालय गन्नौर में पांच दिवसीय प्ले स्कूल का आंगनवाड़ी वर्करों को प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के दौरान वर्करों ने शारीरिक विकास बौद्धिक विकास, भाषा विकास, रचनात्मक विकास विकास से संबंधित प्रर्दशनी लगाई। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण कर प्रर्दशनी का अवलोकन किया। एसडीएम निर्मल नागर ने कहा कि ब्लाक में 44 आंगनवाड़ी केन्द्रों को प्ले स्कूल में अपग्रेड किया गया। आगंनवाड़ी वर्करों को सुपरवाइजरों द्वारा प्ले स्कूल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसडीएम नागर ने कहा कि प्ले स्कूलों में बच्चों को खेल- खेल में शिक्षा दी जाएगी।

### स्कूल में जनसंख्या दिवस पर नाटक का मंचन

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर में गुरुवार को विश्व जनसंख्या दिवस पर नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने जनसंख्या में वृद्धि से जुड़ी चुनौतियों को प्रस्तुत किया। नाटक में कक्षा 6 की इरा, राधिका, अनुष्का, कनिका, ईशा, विजुल, दिव्या, कोमल, सान्वी, मानवी और पावनी ने विभिन्न भूमिकाएं कीं। विश्व जनसंख्या दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल अश्विनी कुमार ने की। उनके अनुसार इस वर्ष के विश्व जनसंख्या दिवस का थीम किसी को पीछे न छोड़ना, सभी की गिनती करना है। यह थीम दुनिया में मौजूद लोगों को जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए अति महत्वपूर्ण है।

---

# महाविद्यालयों में दाखिलों की दूसरी वरीयता सूची जारी, अधिकतर के हाथ फिर निराशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- स्नातक के लिए दाखिला प्रक्रिया, 15 तक फीस जमा करवानी होगी

महाविद्यालयों में स्नातक विषयों में दाखिला प्रक्रिया जारी है। जिसके तहत शुक्रवार को दूसरी वरियता सूची जारी की गई। पहली सूची में नाम ना आने पर दूसरी सूची से काफी विद्यार्थियों को आस थी, इसी वजह से महाविद्यालयों में भारी संख्या में विद्यार्थी पहुंचें। लेकिन अधिकतर विद्यार्थियों निराशा ही हाथ लगी, क्योंकि दूसरी सूची में काफी कम संख्या में विद्यार्थियों के नाम शामिल हो पाए। इस सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को 3 दिनों में यानि की 15 जुलाई तक अपनी फीस जमा करवाकर दाखिला सुनिश्चित करना होगा। बता दें कि दूसरी मैरिट लिस्ट 11 जुलाई यानि शुक्रवार को जारी होनी थी, लेकिन इसमें विलंब हो गया। विलंब की वजह पहली सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों की समस्या रही। क्योंकि फीस जमा करवाकर दाखिला सुनिश्चित करना था, लेकिन एक दिन फीस जमा करवाने के लिये पोर्टल ही नहीं चला। जिसकी वजह से फीस जमा करवाने का एक दिन और बढ़ा दिया गया था। इसी वजह से दूसरी सूची के लिये भी उच्चतर शिक्षा निदेशालय को शेड्यूल में बदलाव किया गया था। नए शैड्यूल के हिसाब से 11 जुलाई को प्रोविजनल लिस्ट और 12 जुलाई को फाइनल दूसरी मैरिट लिस्ट जारी करना तय किया गया था। हालांकि वीरवार को प्रोविजनल लिस्ट समय पर जारी नही हो पाई थी।



#### अभी 80% तक सीटें खाली

शुक्रवार को उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा दूसरी मैरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। लेकिन दूसरी मैरिट लिस्ट में अधिकतर कोर्सों में 15 से 20 विद्यार्थियो के ही नाम शामिल है। ऐसे में काफी अधिक सीटें खाली रह गई है। अनुमान के अनुसार कालेजों में 60 से 80 प्रतिशत सीटें अब भी बची हुई है। सीटों को भरने के लिए कालेजों को अब ओपन काउंसलिंग से आस है।

---

### बगैर ई-टेंडर के 21 लाख रुपये के विकास कार्य करवा सकेंगी पंचायतें

**सोनीपत।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह की घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए सभी ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वह 21 लाख रुपए तक के विकास कार्य बगैर ई-टैंडर के करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में वह अब शत प्रतिशत कार्य खर्च कर सकते हैं। इसके लिए सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक विकास कार्य करवाएं। उन्होंने बताया कि उपायुक्त द्वारा सभी को यह भी निर्देश जारी किए गए है कि जिन सार्वजनिक रास्तों, सार्वजनिक स्थानों, जोहड़/तालाब व ग्राम पंचायत की जमीनों पर अवैध कब्जे हैं उन्हें भी तुरंत हटाया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए पुलिस विभाग को तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध करवाने के लिए भी कहा गया है। इसके साथ ही विकास कार्यों में अवरोध बनने वाले अवैध कब्जों को हटाने के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट भी तुरंत नियुक्त करने के निर्देश दिए गए है।



---

# राई में 10 तथा सोनीपत में 21 नए पोलिंग स्टेशन बनाने का प्रस्ताव भेजा जाएगा



**सोनीपत।** अधिकारियों की बैठक लेतीं अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी।

**सोनीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने कहा कि जिला के राई तथा सोनीपत विधानसभाओं में स्थित हाई राइजिंग बिल्डिंगों में रहने वाले मतदाताओं की सुविधा के लिए इन सभी बिल्डिंगों में नए मतदान बूथ बनाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में प्रस्ताव बनाया गया है, जिसे जल्द भारत निर्वाचन आयोग में भेजा जाएगा ताकि मंजूरी मिलने के बाद इन सभी बिल्डिंगों में नए मतदान बूथ बनाएं जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव में नए मतदान बूथ बनाने के लिए उन हाई राइजिंग बिल्डिंगों को लिया गया है जहां मतदाताओं की संख्या 300 से ज्यादा है।

#### हाई राइजिंग बिल्डिंग में बनेंगे नए बूथ

बैठक में बताया गया कि राई विधानसभा में स्थित हाई राइजिंग बिल्डिंगों में 10 तथा सोनीपत विधानसभा में 21 नए मतदान बूथ बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके अलावा जिला की छः विधानसभाओं में 57 मतदान बूथों का समायोजन किया जाएगा, इनमें गन्नौर विधानसभा के 33, सोनीपत विधानसभा के 15 तथा गोहाना विधानसभा के 09 बूथ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इनमें उन बूथों को शामिल किया गया है जहां पर मतदाताओं की संख्या 1500 से ज्यादा है। इसके अलावा जिला में 13 मतदान बूथों की बिल्डिंग बदली गई हैं।

---

### जांच में मिले 518 रद किए कनेक्शन, रजिस्टर में रिकॉर्ड नहीं मिला

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते का बिजली निगम में छापा, एसडीओ और जेई मिले गैर हाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- डिफाल्टरों पर 17 करोड़ 69 लाख 76 हजार रुपये बकाया
- 378 डिफाल्टरों के कनेक्शन कटे

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने शुक्रवार को बिजली निगम के सेक्टर-14 स्थित मॉडल टाउन सब डिवीजन कार्यालय में छापा डाला गया। इस दौरान एसडीओ व जेई अनुपस्थित मिले। जांच में रद्द किए गए 518 कनेक्शन मिले, जिन्हें रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया था।

शुक्रवार को एसआई महावीर, राजेश व सुभाष की टीम ने कार्यालय में पहुंचते ही हाजिरी रजिस्टर की जांच की। कार्यालय में 15 स्थायी अधिकारी व कर्मचारी और 5 अस्थायी कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें से दो कर्मचारी अवकाश पर मिले। जबकि एसडीओ जितेंद्र वर्मा व जेई सविता गैरहाजिर मिले। जांच में 5405 उपभोक्ता डिफाल्टर सूची में मिले। डिफाल्टर में 17 करोड़ 69 लाख 76 हजार रुपये बकाया हैं। कुल डिफाल्टर में से 378 उपभोक्ताओं के स्थाई रूप से कनेक्शन काटे गए हैं। जबकि 42 उपभोक्ताओं के अस्थायी तौर पर कनेक्शन काटे गए हैं। 89 उपभोक्ताओं का केस कोर्ट में लंबित है।

20 किलोवाट से नीचे के 982 कनेक्शन जारी किए गए हैं और 20 किलोवाट से ऊपर के 12 कनेक्शन जारी किए गए हैं। 518 कनेक्शन रद्द किए गए। रद्द करने का कारण रजिस्टर में इंद्राज नहीं किया गया है। साथ ही जुलाई में मीटर खराब होने व जलने की 85 शिकायत आई हैं। इनमें से 25 के मीटर बदले गए। वहीं 5 हजार रुपये से अधिक के 3547 डिफाल्टर मिले। जिनमें 20 करोड़ 64 लाख 23113 रुपये बकाया हैं।

टीम ने लोगों से की बातचीत तो पता लगा कि लोगों ने बताया बिजली ठेकेदार कंपनी व विभाग के कर्मचारी फैक्टरी में मैन्युअल बिल का वितरण नहीं करते। मैन्युअल बिल अनिवार्य किया गया है।




---

# नागरिक अस्पताल में 15 को दो घंटे ओपीडी बंद रखेंगे चिकित्सक

**सोनीपत।** लंबित मांगे पूरी नहीं होने से खफा चिकित्सकों ने 15 जुलाई को दो घंटे के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं बंद करने का निर्णय लिया। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर चिकित्सक 15 जुलाई को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक ओपीडी बंद रखेंगे।

### मांगे पूरी न होने से डॉक्टरों में नाराजगी

इस दौरान जिला नागरिक अस्पताल, उपमंडल नागरिक अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को परेशानी हो सकती है। आगामी आंदोलन को लेकर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजेश ख्यालिया ने जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की बैठक ली। जिसमें विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजेश ख्यालिया ने कहा कि 15 जुलाई को प्रदेशभर के सभी सरकारी चिकित्सक दो घंटे तक ओपीडी का बहिष्कार करेंगे। यदि सरकार ने उनकी मांगें पूरी नहीं की तो वह 25 जुलाई से सरकारी अस्पताल में आपातकालीन, पोस्टमार्टम समेत सभी सेवाएं बंद करके अनिश्चितकालीन हड़ताल चले जाएंगे। इस दौरान जिला प्रधान डॉ. राहुल आंतिल, जिला प्रवक्ता डॉ. प्यारेलाल मलिक, डा. तरुण यादव, डॉ. राजेश सिंघल, डॉ. विकास चहल, डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. राकेश फोगाट समेत अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

यंगभूमि


एक सूअर कभी भी आसमान की तरफ नहीं देख सकता है।


इस पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा जानवर भारत में ही मौजूद है।

# प्रकृति से प्रेम है तो वन सेवा में ऑफिसर अच्छा करियर विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारतीय वन सेवा का पद भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। अगर आपका भी सपना है कोई अच्छे पद पर सरकारी जॉब करने का तो आपके लिए आईएफएस एक बढ़िया ऑप्शन हो सकता है। आईएफएस एक ऐसी सरकारी जॉब है जिसमे आप अपना बेहतरीन करियर बना सकते हो। यह लेख पड़ने के बाद आप यह अच्छे से समज सकेंगे कि आईएफएस ऑफिसर कैसे बने और आईएफएस का फुल फोर्म क्या होता है। आईएफएस बनने के लिए क्या क्या योग्यता होनी चाहिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। हालांकि यह करियर बनाने का एक बेहतरीन क्षेत्र है।

## क्या होता है इंडियन फॉरेस्ट सर्विस

इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (आईएफएस ) जिसे हिंदी में भारतीय वन सेवा के पद के नाम से जाना जाता है और यह भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। जैसे कि आईएएस, आईपीएस और आईएफएस। आईएफएस को 1966 में अखिल भारतीय सेवा अधिनियम 1951 के तहत भारत सरकार द्वारा गठित किया गया। जैसे कि नाम से ही पता चलता है फॉरेस्ट ऑफिसर का काम जंगलों की देखरेख करने से लेकर जंगलों की अवैध कटाई पर रोक लगाने का होता है। अब तो वन विभाग सेक्टर में काफी बदलाव भी आ रहे है जैसे कि इसमें बहुत ज्यादा नौकरियां निकलने लगी है और वन विभाग में अफसर होना कोई छोटी बात नहीं है और इसमें सैलरी पैकेज भी काफी अच्छा रहता है। आईएफएस यानी कि इंडियन फोरेस्ट सर्विस की नियुक्ति एक वन रक्षक के रूप में होती है जिसमे आपको देश की सेवा करने का मौका भी मिलता है। आईएफएस की जॉब में एक शानदार भविष्य की कामना कर सकते है।

## जरूरी योग्यताएं

आईएफएस बनने के लिए आपको सबसे पहले इसके एग्जाम की पतैयारी पर पूरा ध्यान देना होगा। अगर आप नहीं जानते है कि आईएफएस की तैयारी कैसे करे तो घबराइए मत हम आपको पूरा प्रोसेस शेयर करेंगे। आईएफएस के पद पर कार्यरत होने के लिए आपको आईएफएस का एग्जाम पास करना जरुरी होता है इसके बाद ही हम इस पद के अधिकारी बन सकते है। आईएफएस के लिए क्या योग्याएं होनी चाहिए चलो जानते है।

### आयु योग्यता

अगर आप इंडियन प्रेस ऑफिसर बनना चाहते हैं तो आपकी न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष होनी अनिवार्य है। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग जैसे ओबीसी , एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस आदि कैंडिडेट के लिए आयु सीमा में छूट का प्रावधान मिलता है।

### स्नातक की डिग्री जरूरी

फोरेस्ट विभाग में ऑफिसर बनने के लिए शैक्षिक योगयता में उमीदवार को किसी एक विषय में स्नातक डिग्री होना जरुरी है। जैसे कि गणित, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, पशु चिकित्सा विज्ञान, पशुपालन इंजीनियरिंग, वानिकी, वनस्पति विज्ञान, कृषि सांख्यिकी अदि में किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएट है तो आप फोरेस्ट ऑफिसर बनने के लिए अप्लाई कर सकते हो।

## पास करनी होगी परीक्षा

**भारतीय वन अधिकारी बनने के लिए आपको तीन चरणों को क्लियर करना होता है जिसके बाद आईएफएस बन सकते हैं।**

**प्राथमिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार**

इन तीनों राउंड में से सबसे पहले आपका प्री एग्जाम होता है जो ऑब्जेक्टिव टाईप रहता है और प्री एम्जाम को पास कर लेने के बाद आप मेन्स एग्जाम में बैठने के योग्य होते हैं। और मुख्य परीक्षा आपकी सब्जेक्टिव यानी कि इसमें विस्तार से प्रश्न पूछे जाते हैं। प्री और मेन्स परीक्षा पास कर लेने के बाद आखिर में कैंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है जो के फाइनल स्टेप होता है। इस इंटरव्यू को क्लीयर कर लेने के बाद कैंडिडेट्स को फाइनली ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है।

### मुख्य काम

वन विभाग और वन मंत्रालय की जानकारी के लिए जंगल के पेड़ पौधों, जीव जंतुओं से जुड़ा सर्वे करना, कागजी कार्यवाही करना और रिपोर्ट तैयार करना। भेड़, बकरियों व अन्य सभी पालतू जानवरों को वन भूमि पर चरने से रोकना। घायल जीव जंतुओं और पक्षियों को चिकित्सा सहायता देना या उन्हें ऐसे जगह पहुंचाना जहां वे ठीक हो सके और सुरक्षित रहें। जंगल में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना ताकि जंगल का विकास हो सके। शिकारियों को शिकार ना करने देना, अवैध रूप से काटी गई लकड़ी या शिकार किए गए जानवरों या जानवरों के अंगों को जब्त करना।

### सैलरी

आईएफएस अफसर के बारे सभी जानकारी जानने के बाद अब हमारे मन में आखरी और महत्वपूर्ण सवाल होता है कि आखिर इतनी मेहनत करने के बाद आईएफएस की सैलरी क्या होगी। तो हम आप को बता दें कि आईएफएस अफसर को सैलरी काफी अच्छी मिलती है और उसमे समय समय पर इजाफा भी होता है। आईएफएस के पद में 15600 रु प्रति माह से लेकर 40000 रु प्रति माह वेतन देह होता है और 5400 रु ग्रेड पे भी मिलती है। आईएफएस के पद में कई सारे भत्ते अदि भी मुहैया कराये जाते हैं।

## सभी एयरलाइन्स कंपनियां करती नियुक्तियां

बेहतर पद और अच्छी सैलरी की चाहत होती पूरी

# आसमान को छूना पसंद है तो एयर होस्टेस बन चमकाएं अपना करियर



जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आ हम सभी को अपने सपने के बारे में तो पता रहता है, कि हमें आगे बड़े होकर क्या बनना है ,कोई डॉक्टर बनना चाहता है तो कोई इंजीनियर, टीचर या फिर एयर होस्टेस बनना चाहता है। किंतु हमें समय पर सही गाइडलाइंस ना मिलने के कारण कई बार हमारे सपने बीच में अधूरे या फिर हम अपने सपनों के लिए सही राह का चयन नहीं कर पाते। जिससे हम ज्यादातर रास्ते भटक जाते हैं। कई बार ऐसा होता है कि समय होता है तो सामने सही रास्ते कौन से हैं। यह पहचान पाना बहुत मुश्किल हो जाता है, जब समय हाथ से निकल जाता है तो हम उस परिस्थिति में हम स्वयं को कोसने में लग जाते हैं। करियर के लिए समय पर सही गाइडलाइंस मिलना बेहद जरूरी है। बहुत से ऐसे स्टूडेंट्स है जो एयर होस्टेस बनना चाहते हैं। यह आर्टिकल उन सभी स्टूडेंट्स के लिए है जो आगे अपना करियर एयर होस्टेस में बनाना चाहते हैं। आइए इसी के साथ हम अपने आर्टिकल की शुरुआत करते हैं।

## एयर होस्टेस किसे कहते हैं

एयर होस्टेस नाम सुनते ही इतना अंदाजा तो हम लगा ही सकते हैं की हवाई यात्रा से जुड़े काम। एयर हॉस्टेस वह होते हैं जो एरोप्लेन में हवाई यात्रा के दौरान यात्रीगण को सुविधा और इससे रिलेटेड बहुत सी जानकारी सभी यात्रियों को देते हैं बहुत सी एयरलाइन्स कंपनियां एरोप्लेन में एयर होस्टेस नियुक्त करती है। हवाई जहाज में हवाई



यात्रा के दौरान सभी यात्रियों को हैंडल करने का काम सारा एयर होस्टेस का ही होता है। एयर होस्टेस का काम एरोप्लेन में यात्रा के दौरान सभी यात्रियों के सामानों का सही जगह में रख रखाव, रजिस्ट्रेशन के हिसाब से यात्री को उनकी सही सीट देना, सीट बेल्ट कैसे लगाना है? इसके साथ साथ खाने पीने की सुविधा यह सभी काम एयर होस्टेस द्वारा की जाती है। ताकि किसी भी यात्री को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। एरोप्लेन में यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनने वाली एयर होस्टेस केवल लड़कियां ही होती है। और जो लड़के एरोप्लेन में यात्रियों के लिए सुविधा प्रदान करते हैं उन्हें केबिन क्रू कहते हैं।

## लड़कियों के लिए सबसे बेहतर विकल्प



## एयर होस्टेस के लिए शैक्षणिक योग्यताएं

जो उम्मीदवार एयर होस्टेस बनने का सपना देख रहे होते हैं उन उम्मीदवारों को सबसे पहले एयर होस्टेस बनने के लिए जरूरी योग्यता को पूरा करना होता है उसके पश्चात ही उन्हें एयर होस्टेस बनने का मौका मिलता है। एयर होस्टेस बनने के लिए क्या करना पड़ता है ? आपको निम्नलिखित चरण बद्ध तरीके से बताया गया है।

- एयर होस्टेस के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड से बारहवीं कक्षा पास करना अनिवार्य है।
- एयर होस्टेस के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार आर्ट्स, कॉमर्स या साइंस किसी भी सब्जेक्ट से हो। 12वीं की कक्षा पास होनी चाहिए।
- उम्मीदवार मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएशन की शिक्षा लेकर पास की हो।
- इंग्लिश और हिंदी दोनों भाषा का आना अति आवश्यक है।

## योग्यताएं

- आवेदन करता की आयु कम से कम 18 वर्षों से अधिक से अधिक 25 वर्ष होनी चाहिए।
- उम्मीदवार की कम्यूनिकेशन स्किल अर्थात बोलचाल का सही ढंग होना चाहिए।
- उम्मीदवार शारीरिक व मानसिक दोनों रूपों से स्वच्छ और स्वस्थ होना आवश्यक है।
- आवेदन करता की पॉजिटिव सोच के साथ-साथ बॉडी लैंग्वेज अच्छी होनी चाहिए।
- उम्मीदवार की ऊंचाई कम से कम 157.5 सेंटीमीटर होनी चाहिए।
- उम्मीदवार की आंखों में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए उनके आंखों का विजन 6/6 होनी चाहिए।

## तीन प्रकार के कोर्स

1. **सर्टिफिकेट कोर्स** :- जो अभ्यार्थी कम समय में एयर होस्टेस बनना चाहते हैं वह सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। जिसमें आपको सर्टिफिकेट दी जाएगी। इसे आप 12वीं पास करने के बाद कर सकते हैं। यह कोर्स 1 साल का होता है।
2. **डिप्लोमा कोर्स** :- यह कोर्स करने के लिए अभ्यार्थी को 12वीं पास करना आवश्यक है। जिसके पश्चात वे डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं जिसमें उन्हें डिप्लोमा की डिग्री दी जाएगी। ग्रेजुएशन पास अभ्यार्थी डिप्लोमा कोर्स करना चाहते हैं तो उनके लिए पीजी डिप्लोमा कोर्स होती है। पीजी डिप्लोमा कोर्स केवल ग्रेजुएशन पास अभ्यर्थियों के लिए हैं।
3. **डिग्री कोर्स** :- यह कोर्स उन अभ्यर्थियों के लिए हैं जो एयर होस्टेस में डिग्री प्राप्त करना चाहते हैं। यह डिग्री कोर्स 3 साल की होती है। यह कोर्स अभ्यार्थी 12वीं पास करने के पश्चात कर सकते हैं।


## ऐसे बनें एयर होस्टेज

- एयर होस्टेस बनने के लिए अभ्यार्थी को सर्वप्रथम मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी सब्जेक्ट में 12वीं कक्षा पास करनी होगी।
- या ग्रेजुएशन प्राप्त अभ्यर्थी को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की परीक्षा पास करनी होगी।
- अभ्यार्थी को ऐसे इंस्टिट्यूट मे एडमिशन लेना होगा जहां एयर होस्टेस कोर्स की सारी सुविधा दी जाए।
- 12वीं पास अभ्यर्थीयों को स्वयं निर्णय लेने होगें। वह एयर होस्टेस बनने के लिए डिप्लोमा, डिग्री या सर्टिफिकेट कोर्स में से किस कोर्स मे एडमिशन लेना चाहते हैं।
- एडमिशन के बाद अभ्यार्थी को अपने कोर्स में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। और अच्छे अंको से पास आउट भी होना होगा।
- अभ्यार्थी अब अपना आवेदन एयर होस्टेज की जॉब के लिए कर सकते हैं।
- बहुत सारी बड़ी-बड़ी एयरलाइंस की कंपनियां एयर होस्टेस नियुक्त करती है। समय-समय पर कंपनी द्वारा नोटिफिकेशन जारी की जाती है।
- उसके पश्चात आप एयर होस्टेस के लिए रिक्वायरमेंट के हिसाब से अभ्यार्थी अपना आवेदन कर सकते हैं।
- अभ्यार्थियों के आवेदन सेलेक्शन के बाद एयरलाइंस कंपनियों द्वारा रिटन टेस्ट और ऑफिसर द्वारा डिस्कशन की जाती है। फिर सिलेक्टेड अभ्यार्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।
- इंटरव्यू में सिलेक्शन किया जाता है।
- सिलेक्शन के पश्चात अभ्यर्थियों को एयरलाइंस द्वारा 6 महीनों के लिए ट्रेनिंग में भेजा जाता है।
- उन्हें ट्रेंड अभ्यार्थियों को एयर होस्टेस के पद में नियुक्त किया जाता है। इसके पश्चात उन्हें एरोप्लेन मे भेज दिया जाता है।

## कितना मिलता वेतन

एयर होस्टेस की सैलरी एयरलाइंस कंपनी के हिसाब से होती है। सीनियर एयर होस्टेस की सैलरी थोड़ी अधिक होती है। सीनियर एयर होस्टेस के पास अनुभव जबकि जूनियर एयर होस्टेस फ्रेशर होते हैं। कई एयरलाइंस कंपनी में एयर होस्टेस की सैलरी 25000 से 40000 होती है। तो कई एयरलाइंस में इससे कम तो कई एयरलाइंस कंपनी में इससे अधिक होती है। इंटरनेशनल एयरलाइंस कंपनी में एयर होस्टेस की सैलरी प्रतिमाह में कम से कम 100000 और अधिक से अधिक 200000 होती है।

# कानून परिवर्तनों का प्रभाव: नई पीढ़ी के लिए एक महत्वपूर्ण अध्ययन



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत की न्यायपालिका, जो संविधान के अधीन देश के कानूनों को लागू करती है, समाज में स्थायित्व और न्याय को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समय के साथ, न्यायपालिका में कई परिवर्तन और सुधार हुए हैं ताकि इसे अधिक प्रभावी और न्यायपूर्ण बनाया जा सके। आज का युग डिजिटल क्रांति का है, जिसमें इंटरनेट और तकनीकी विकास ने हमारे जीवन को बदल दिया है। यह परिवर्तन हमारे लिए अनेक अवसर लाया है, लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराधों की चुनौतियां भी आई हैं। ऐसे में, एक सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल वातावरण का निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। इसके लिए सामुदायिक और सरकारी प्रयासों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

## कानूनों की जानकारी होना जरूरी

2 जुलाई, 2024 को भारतीय न्यायपालिका में कुछ महत्वपूर्ण कानून परिवर्तन लागू हुए, जिनका अध्ययन नई पीढ़ी के लिए आवश्यक है। ये परिवर्तन न केवल न्यायिक प्रक्रियाओं में सुधार लाने में सहायक होंगे, बल्कि वे नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों की समझ को भी सुदृढ़ करेंगे।

**कानूनी प्रक्रिया में डिजिटल परिवर्तन** : पहला बड़ा परिवर्तन न्यायिक प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण से संबंधित है। अब विभिन्न अदालतों में मामलों की फाइलिंग और सुनवाई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी की जा सकेगी। इससे न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और तीव्रता आएगी। डिजिटल सिस्टम की मदद से न्यायिक प्रणाली में भ्रष्टाचार और कागजी कार्यवाही में देरी को कम किया जा सकेगा। नई पीढ़ी को इस डिजिटल पहल की जानकारी होना आवश्यक है ताकि वे कानून के नए रूप से जुड़ सकें और उसका प्रभावी उपयोग कर सकें।

**विवाद निवारण के वैकल्पिक उपाय** : न्यायपालिका ने वैकल्पिक विवाद निवारण के तरीकों को अधिक महत्व दिया है। इसमें मध्यस्थता, सुलह और लोक अदालतें शामिल हैं। ये उपाय अदालती मामलों के बोझ को कम करने और त्वरित न्याय प्रदान करने में मदद करते हैं। नई पीढ़ी को एडीआर की प्रक्रियाओं और उनके लाभों के बारे में जागरूक होना चाहिए, जिससे वे कानूनी विवादों को तेजी से और सस्ते में सुलझा सकें।

**महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा** : 2 जुलाई के परिवर्तनों में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा और बच्चों के यौन उत्पीड़न के मामलों में त्वरित कार्रवाई और कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। यह परिवर्तन समाज में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ाने का प्रयास करता है। युवा पीढ़ी को इन कानूनों की जानकारी होना आवश्यक है ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें और समाज में सुरक्षित वातावरण बना सकें।

**पर्यावरण संरक्षण कानून**: पर्यावरण संरक्षण के लिए नए और सख्त कानून लागू किए गए हैं। अब उद्योगों और व्यक्तियों पर पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पर्यावरणीय अपराधों के लिए दंड भी बढ़ा दिए गए हैं। ये कानून आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## न्यायिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व

न्यायपालिका में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बढ़ाने के लिए नए प्रावधान जोड़े गए हैं। जजों की नियुक्ति और न्यायिक फैसलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न निगरानी तंत्र स्थापित किए गए हैं। इससे न्यायपालिका में विश्वास और जनता की न्याय व्यवस्था में भागीदारी बढ़ेगी।

न्यायपालिका में 2 जुलाई को हुए कानून परिवर्तनों का अध्ययन नई पीढ़ी के लिए आवश्यक है। इन परिवर्तनों के माध्यम से, कानून और न्याय प्रणाली को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाया गया है। नई पीढ़ी को इन परिवर्तनों के महत्व को समझना चाहिए ताकि वे कानून का सही उपयोग कर सकें और एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें। यह समझ न केवल उन्हें बेहतर नागरिक बनाएगी बल्कि देश की प्रगति में भी सहायक सिद्ध होगी। आज की युवा पीढ़ी, जो तकनीकी रूप से सशक्त और सूचनाओं से परिपूर्ण है, भारत के भविष्य की नींव है। जागरूकता का अर्थ केवल जानकारी प्राप्त करना नहीं है, बल्कि जानकारी को समझना, उसके आधार पर सोच बनाना और उसे समाज के भले के लिए उपयोग करना है। भारत के विकास के लिए नई पीढ़ी की जागरूकता और उसकी सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। न्यायपालिका के इन सुधारों के प्रति जागरूकता और समझ नई पीढ़ी के लिए एक नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है, जो उन्हें भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करेगी। डिजिटल दुनिया में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केवल व्यक्तिगत सतर्कता ही पर्याप्त नहीं है; सामुदायिक प्रयास और सरकारी पहल भी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सामुदायिक जागरूकता और सरकारी उपाय न केवल लोगों को साइबर खतरों से बचने में मदद करते हैं, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने में भी सक्षम बनाते हैं। इस खंड में हम विस्तार से चर्चा करेंगे कि कैसे सामुदायिक प्रयास और सरकारी पहल साइबर अपराधों को कम करने और डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा देने में सहायक हो सकते हैं।

**साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान**: साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सामुदायिक संगठनों, स्थानीय समूहों, और शैक्षिक संस्थानों को मिलकर अभियान चलाने चाहिए। ये अभियान कार्यशालाएं, सेमिनार, और सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से समुदाय को साइबर सुरक्षा की बुनियादी जानकारी और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के बारे में शिक्षित कर सकते हैं।

**उदाहरण**: साइबर सुरक्षा कार्यशालाएं:स्थानीय स्कूलों और कॉलेजों में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाएं आयोजित की जा सकती हैं, जहाँ छात्रों को सुरक्षित पासवर्ड प्रथाओं, फिशिंग के खतरों, और डेटा संरक्षण के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाए। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन्स या स्थानीय पुस्तकालयों में समुदाय के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा सकते हैं, जहाँ उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के बारे में सिखाया जाए।

**साइबर सुरक्षा वॉलंटियर कार्यक्रम**: साइबर सुरक्षा वॉलंटियर कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर समुदायों को साइबर सुरक्षा के बारे में शिक्षित करने के लिए एक उत्कृष्ट पहल हो सकते हैं। वॉलंटियर्स, जिन्हें साइबर सुरक्षा में प्रशिक्षण दिया गया हो, वे अपने समुदाय में जागरूकता बढ़ाने, सुरक्षित प्रथाओं को बढ़ावा देने और साइबर खतरों की पहचान करने में सहायता कर सकते हैं।

**उदाहरण**: कॉल सेंटर सहायता: वॉलंटियर्स एक हेल्पलाइन स्थापित कर सकते हैं जहाँ लोग साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछ सकते हैं और तुरंत सलाह प्राप्त कर सकते हैं। वॉलंटियर्स स्कूलों में जाकर छात्रों को ऑनलाइन खतरों के बारे में शिक्षित कर सकते हैं और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की आदतों को सिखा सकते हैं।

**सामुदायिक डिजिटल सुरक्षा कार्यक्रम**: स्थानीय समुदायों द्वारा डिजिटल सुरक्षा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकता है, जिसमें सामुदायिक सदस्य एक-दूसरे के साथ जानकारी साझा करें और साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करें। यह पहल सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देती है और साइबर खतरों के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद करती है।

**उदाहरण**: साइबर सुरक्षा चर्चाएँ: सामुदायिक केंद्रों में साइबर सुरक्षा से संबंधित चर्चाएँ और सवाल-जवाब सत्र आयोजित किए जा सकते हैं। डिजिटल सुरक्षा उपकरणों और तकनीकों पर कार्यशालाएं, जैसे एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर का उपयोग और डेटा एनक्रिप्शन, समुदाय को सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।

**साइबर सुरक्षा कानून और नीतियाँ** : सरकार को साइबर सुरक्षा के लिए कड़े कानून और नीतियाँ बनानी चाहिए जो साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। ये कानून व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा, साइबर अपराधों के खिलाफ सजा, और ऑनलाइन गोपनीयता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक होते हैं।

## खबर संक्षेप

### खरखौदा निवासी दिव्या ने पास की सीए परीक्षा

**खरखौदा।** शहर के वार्ड 10 में रहने वाली दिव्या ने चार्टेड अकाउंटेंट की परीक्षा पास की है। मूलतः आसन निवासी दिव्या ने पहले ही प्रयास में सीए परीक्षा पास की है। यह परीक्षा देश की कठिन परीक्षाओं में से एक हैं। जिसमें विद्यार्थियों को अच्छी खासी मेहनत करनी पड़ती है। इस परीक्षा में 35819 छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से कुल 7122 परीक्षार्थी ही पास हुए हैं।

### खंड स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता

**गोहाना।** खन्दराई गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में शैक्षणिक खंड मुंडलाना के विभिन्न राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों के 130 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। प्रतियोगिता की अध्यक्षता बीईओ बसंत कुमार ढिल्लों ने की। संयोजन प्राचार्य लवल किशोर का रहा।

### हिमालय की वादियों में लगाया जाएगा भंडारा

**गोहाना।** शिव गौरा कांवड़ सेवा संघ (सदन) द्वारा हिमालय की वादियों में 23वां विशाल भंडारा लगाया जाएगा। इस के लिए संघ की टीम शहर में इंद्रगढ़ी के मंदिर के समीप से रवाना हो गई। टीम को हरी झंडी गोहाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह आर्य ने दिखाई। टीम का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष मीर सिंह हुड्डा ने किया।

### शेर सिंह पब्लिक स्कूल में सेमीनार आयोजित

**गोहाना।** सोनीपत रोड स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को किशोरावस्था विषय पर सेमीनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किशोरावस्था में जीवन में आने वाले बदलावों बारे जानकारी दी गई। कार्यक्रम के लिए नेतृत्व स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक का रहा। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था जीवन का एक नाजुक दौर होता है। इस अवस्था में किशोरों को संभल कर आगे बढ़ने की जरूरत होती है।

### पेड़ लगाओ प्रकृति बचाओ अभियान का किया शुभारंभ

**गन्नौर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढ़ी में वर्ग अनुदेशक इंचार्ज अशोक कुमार स्टाफ सदस्यों व संस्थान में प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के सहयोग से पौधारोपण किया गया। संस्थान के अनुदेशक इंचार्ज अशोक कुमार ने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को संदेश दिया कि अधिक से अधिक संख्या में संस्थान के प्रांगण में पौधे लगाएंगे तथा पौधों की देखभाल करेंगे। पौधे बड़े होकर हमें शुद्ध वायु देंगे।

### निगम में घोटाले की सीबीआई जांच की मांग

**सोनीपत।** सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों की भूख हड़ताल 11 वें दिन भी जारी रही। धरनास्थल की अध्यक्षता प्रधान अजय कुमार टॉक ने की तथा संचालन यूनियन की कार्यकारिणी सदस्य सुनीता देवी ने किया। इस दौरान पीसीसी कंपनी के ऑफिस को ताला लगाकर भूख हड़ताल की गई। इस दौरान बताया गया कि शनिवार से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के आवास पर भूख हड़ताल की जाएगी।

### कच्चे कर्मियों के वेतन से 1500 रुपये कटने से रोष

**गोहाना।** सर्व कर्मचारी संघ से सम्बद्ध ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने शुक्रवार को रोष व्यक्त किया कि बिजली के कच्चे कर्मचारियों के वेतनों से 1500 रुपए काट लिए गए, पर उनके चिरायु कार्ड नहीं बनाए गए। इससे इन कर्मचारियों और उनके आश्रितों को उपचार का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### सरकार पर गंभीर आरोप लगाए

**सोनीपत।** आज भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के तत्वावधान में चल रहे एचटी लाइन आंदोलन के प्रतिनिधियों ने पत्रकारवार्ता आयोजित कर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। वार्ता में बताया गया कि हरियाणा सरकार के द्वारा एक नई पॉलिसी का जो नोटिफिकेशन निकाला है इस पहल का किसान स्वागत करते हैं। यह कदम सरकार का अच्छा है।

---

### रजिस्ट्रार ने मांगों के लिए आंदोलनरत शोधार्थियों को कहा सुसाइड बोम्बर!

# शोधार्थियों का दिन-रात का अनिश्चितकालीन धरना जारी

## चीफ वार्डन की नियुक्ति भी सभी नियमों की धज्जिया उड़ाकर की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

पिछले 3 दिनों से दीनबंधु छोटू राम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के शोधार्थी चीफ वार्डन के विरोध में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। शुक्रवार को अखिल हरियाणा विश्वविद्यालय फेडरेशन के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ललित पवार और किसान- छात्र एकता संगठन के संदीप लाठर ने आंदोलनरत शोधार्थियों को समर्थन दिया। शोधार्थियों ने आरोप लगाया कि उनकी जायज मांगों को पूरी करने की बजाय उल्टा उन्हीं को धमकाया जा रहा है। उन्हें निठल्ले और यहां तक की सुसाइड बोम्बर तक कहा जा रहा है। शोधार्थियों के साथ धमकी भरे लहजे में बात की जा रही है। लड़कियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। लेकिन उनका कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक हमारा धरना जारी रहेगा। शोधार्थियों का कहना है कि बॉयज हॉस्टल के चीफ वार्डन ने एक फरमान जारी किया है इस फरमान के अनुसार शोधकताअरं को तुरन्त हास्टल खाली करने को कहा गया है। साथ ही जो भी शोधार्थी अपनी रिसर्च के 4 साल पूरी कर चुके हैं उन्हें दोबारा हॉस्टल रूम अलॉट नहीं किया जायेगा। ऐसा किसी भी प्रकार का कोई भी नियम किसी भी विश्वविद्यालय में नहीं है। विवि के पीएचडी आर्डिनेंस के अनुसार 6 साल तक कोई भी शोधार्थी रेगुलर रिसर्च कर सकता है तो ऐसे में इस तुगलकी फरमान का मतलब समझ नहीं आ रहा है। चीफ वार्डन की नियुक्ति भी सभी नियमों की धज्जिया उड़ाकर की गई। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय में भाई भतीजावाद के चलते की गई है। हॉस्टल में वार्डन्स अपने कार्यकाल पूरा करने के बाद भी अपने पद पर बने हुए हैं। हॉस्टल में जान बूझकर ऐसे नियम बनाये जा रहे हैं जिनसे छात्रों को प्रताड़ित किया जा सके और उनके शोध में खलल डाला जा सके। धरने पर संदीप पुनिया ,मंजीत चाहार ,सरू, महिमा मौजूद रहे।



**सोनीपत।** मुरथल विवि में धरना देते शोधार्थी। *फोटो :हरिभूमि*



**सोनीपत।** मुरथल विवि में विरोध प्रदर्शन करते गैर शिक्षक कर्मचारी।

#### प्रमुख मांगें

चीफ वार्डन को हटाकर नए चीफ वार्डन की नियुक्ति, जो छात्रों और शोधार्थियों की जायज जरूरतों को समझ सके। कार्यकाल पूरा हो चुके वार्डन को हटाकर नई नियुक्ति और हॉस्टल छात्र फंड के दुरुपयोग करने वाले वार्डन और चीफ वार्डन के खिलाफ जांच की जाए। पीएचडी जमा करने के लिए वेब ऑफ साइंस में प्रकाशित शोध पत्र की शर्त को हटाकर यूजीसी केयर की शर्त लागू की जाए। लड़कियों के हॉस्टल की टाईमिंग 7 बजे से बढ़ाकर 10 बजे की जाए ताकि लैब में आराम से काम किया जा सके।

### मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा धरना

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों ने तय कार्यक्रम के अनुसार विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ अपना अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आज धरनारत कर्मचारियों को बैठक के लिए बुलाया, जिसमें कर्मचारियों की सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। मीटिंग के बाद प्रधान आनंद राणा ने बताया कि कुलपति हर बार मीटिंग करके आश्वासन देकर कर्मचारियों को गुमराह कर देते हैं और मांगें लंबित रह जाती हैं, लेकिन अबकी बार जब तक इस मीटिंग के लिखित में मिनट्स जारी नहीं होते और पीएचडी शोधकर्ताओं की सभी मांगों को मान नहीं लिया जाता, तब तक कर्मचारियों का धरना जारी रहेगा।

---

# विधि विवि में डेपुटेशन विवाद कुलपति-रजिस्ट्रार पर जुर्माना

- हाईकोर्ट के आदेश, डिप्टी रजिस्ट्रार को बहाल करने के भी दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

राजीव गांधी एजुकेशन सिटी स्थित डा. बीआर अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की कुलपति व रजिस्ट्रार पर हाईकोर्ट ने 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। डिप्टी रजिस्ट्रार की प्रतिनियुक्ति व प्रत्यावर्तन विवाद में सुनवाई करते हुए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय को डिप्टी रजिस्ट्रार वीना सिंह को उनके पद पर बहाल करने के आदेश भी दिए हैं।

जानकारी अनुसार वीना सिंह ने अदालत में रिट दायर की थी। जिसमें बताया था कि उन्होंने वर्ष 2020 में विवि में डिप्टी रजिस्ट्रार पद के लिए आवेदन किया था। उनकी प्रतिनियुक्ति को तीन साल तक किया गया था। इस अवधि के दौरान उन्होंने स्थायी नियुक्ति का अनुरोध किया। विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने इसे मंजूरी दे दी। इसके बावजूद 1 मार्च, 2024 को उनकी विस्तारित प्रतिनियुक्ति के पूरा होने पर कार्यकारी परिषद के निर्णय के खिलाफ कुलपति और रजिस्ट्रार ने उन्हें शिक्षा विभाग में वापस भेज दिया। इसीलिए वे अदालत में गई थी। 28 मई को कोर्ट ने यूनिवर्सिटी को याचिकाकर्ता के मूल रिकॉर्ड पेश करने का आदेश दिया। विश्वविद्यालय अनुपालन करने में विफल रहा। इसके बाद अदालत ने 30 मई को 25,000 रुपये का जुमार्ना लगाया और रजिस्ट्रार को 1 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया।

विश्वविद्यालय ने जुर्माना जमा करके और रिकॉर्ड पेश करके इसका पालन किया। 11 को अदालत ने प्रक्रियात्मक अनियमितताओं पर फटकार लगाई और आदेश दिया कि याचिकाकर्ता को बहाल किया जाए। अदालत ने दो सप्ताह का समय दिया और कुलपति व रजिस्ट्रार पर 50000-50000 रुपए जुर्माना भी लगाया है।

### 22 शिकायतों में से 15 का मौके पर समाधान

**गन्नौर।** उपमंडल प्रशासन द्वारा आमजन मानस की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से कार्य दिवस पर लगाए जा रहे समाधान शिविर जनमानस के लिए फायदेमंद साबित हो रहे हैं। समाधान शिविरों में अपनी समस्या लेकर आने वाले लोगों की परेशानियों को विभागीय अधिकारी तत्परता के साथ दूर करने में लगे हुए हैं। शुक्रवार को एसडीएम डॉ निर्मल नागर ने समाधान शिविर में आई 22 शिकायतों में से 15 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया। एसडीएम ने कहा कि पूरा प्रशासन आपसी सामंजस्य के साथ शिकायतों का समाधान कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान अधिकतर समस्याएं परिवार पहचान पत्र, प्लाटों, वोटर कार्ड, आयुष्मान चिरायु कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, सामाजिक पेंशन, जाति प्रमाण पत्र तथा अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित आ रही है, जिनका मौके पर ही समाधन किया जा रहा है। इस मौके पर तहसीलदार सुमन, बीइओ सतीश शर्मा,एसडीओ बिजली निगम अभिषेक ,संदीप कुमार,विकास व संदीपड कुमार सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

---

# एनसीसी की जूनियर विंग के लिए 25 कैडेट्स का चयन

- एनसीसी जूनियर विंग की भर्ती के लिए छात्रों का शारीरिक परीक्षण

रिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फरमाणा में प्रथम हरियाणा बटालियन रोहतक के कमांड अधिकारी कर्नल के सी बधवार, एडम कर्नल मनबीर धनखड़, सूबेदार मेजर अमरजीत की देखरेख में नेशनल कैडेट कोर-एनसीसी की जूनियर विंग के लिए चयन प्रक्रिया हुई। इस दौरान 25 कैडेट्स का चयन किया गया। स्कूल के खेल मैदान में रोहतक बटालियन से पहुंचे नायब सुबेदार गोरधन, हवलदार उमेश सिंह, हवलदार ओंकार व एनसीसी अधिकारी नरेंद्र दहिया ने एनसीसी जूनियर विंग की भर्ती के लिए छात्रों का शारीरिक परीक्षण व बौद्धिक क्षमता का मूल्यांकन किया। इस दौरान सामान्य ज्ञान की परीक्षा ली गई। एनसीसी अधिकारी नरेंद्र ने बताया कि छात्रों में सेना के प्रति जज्बा देखने लायक था। 25 छात्रों का चयन जूनियर विंग के लिए किया गया है।



**खरखौदा।** एनसीसी की जूनियर विंग के लिए चयनित कैडेट्स। *फोटो :हरिभूमि*

### नई अनाज मंडी में फ्री नेत्र जांच शिविर कल

**गन्नौर।** उपाध्याय 108 गुप्ति सागर महाराज की प्रेरणा से लाला श्रीपाल जैन की नौवी पुण्यतिथि के अवसर पर भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन इकाई के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच एवं आप्रेशन शिविर 14 जुलाई को नई अनाज मंडी में लगाया जाएगा। यह जानकारी भाविप शाखा के अध्यक्ष राजेन्द्र कौशिक व संयोजक योगेश कौशिक संगठन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, संदीप सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में आप्रेशन योग्य पाए गए लोगों का आप्रेशन मौजीराम लायंन्स आई अस्पताल दिल्ली में करवाया जाएगा। शिविर के आयोजक ए एस कृष्ण एसोसिएट लिमिटिड गुरूग्राम के निदेशक अमित जैन ने जरूरतमंद लोगों से आह्वान किया कि वे शिविर में पहुंचकर अपनी आंखें की जांच करवाएं।

# शिवा शिक्षा सदन से तन्नु मंगला, लवीना सिंगला और लक्षित बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

11 जुलाई को घोषित हुए सीए के परीक्षा परिणाम में तन्नु मंगला ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शिवा शिक्षा सदन की पूर्व छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रबंधक सहित स्टाफ ने खुशी जाहिर की है। तन्नु के साथ लवीना सिंगला व लक्षित भी शिवा शिक्षा सदन के पूर्व छात्र हैं, जिन्होंने भी सीए क्वालीफाई कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

विद्यालय के डायरेक्टर अरुण बंसल ने बताया कि विद्यार्थियों के अथक परिश्रम ,धैर्य एवं सतत अभ्यास के कारण ही यह सफलता हासिल करके न केवल उन्होंने अपने माता -पिता का मान -सम्मान बढाया बल्कि विद्यालय का भी नाम रोशन किया और खुद मील का पत्थर साबित हुए। प्राचार्या अलका विज ने बच्चों को शुभकामना दीं एवं कॉमर्स विभाग के कुलदीप रघुवंशी (इकोनॉमिक्स), शालू गर्ग (अकाउंट्स), सोनम अरोड़ा (बिजनेस स्टडीज) एवं अंजू पालीवाल (गणित) के अध्यापकों को इस सफलता का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि तीनों ही विद्यार्थी बहुत ही अनुशासित, होनहार रहे एवं हर गतिविधि में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण है।



शिवा शिक्षा सदन के पूर्व छात्र तन्नु मंगला, लवीना सिंगला व लक्षित।

### खंड कार्यालय में रेडीनेस मेले का आयोजन

**गोहाना।** गांव कथूरा स्थित खंड कार्यालय में शुक्रवार को रेडीनेस मेला आयोजित किया गया जिसमें प्ले स्कूल की ट्रेनिंग दी गई। डब्ल्यूसीडीपीओ निर्मल व सुपरवाइजर पिंकी ने मेले का निरीक्षण किया। रेडीनेस मेले में सरपंच, चौकीदार और बच्चों के अभिभावकों ने प्रतिभागिता की। मेले में प्ले स्कूल का रजिस्ट्रेशन किया गया और बच्चों के शारीरिक विकास, रचनात्मक विकास, भाषा विकास और सामाजिक विकास की जानकारी देने के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाए गए। रेडीनेस मेले में सुपरवाइजर विद्या देवी, प्ले स्कूल अध्यापिकाओं, बीरमति, सुमन, कविता, सुमन, अंजु, शकुंतला, कमलेश और ममता ने भाग लिया।



**गोहाना।** रेडीनेस मेले में स्टॉल लगाए प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*



**खरखौदा।** विजेता खिलाड़ी का स्वागत करते प्रताप स्कूल परिवार।

### स्टेट वुशु चैंपियनशिप में शुभम ने जीता गोल्ड

**खरखौदा।** चंडीगढ़ में आयोजित स्टेट वुशु चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल खरखौदा के शुभम ने 48 किग्रा भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर माता-पिता व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया खेल निदेशक प्रताप स्कूल ने बताया कि प्रताप विद्यालय में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा 5 खेलों का खेलो इंडिया सैंटर व हरियाणा खेल विभाग द्वारा खेल नर्सरियाँ स्थापित की गई हैं। विद्यालय में 24 प्रकार के खेलों का अभ्यास 40 एनआइएस क्वालीफाइड प्रशिक्षकों की देखरेख में करवाया जाता है। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए समय-सारणी के अनुसार खेल का अभ्यास एवं पढ़ाई की व्यवस्था की गई है, ताकि खिलाड़ी शिक्षा के साथ-साथ खेल में कड़ी मेहनत कर समय का सदुपयोग करते हुए चहुंमुखी विकास कर सकें। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया खेल निदेशक प्रताप स्कूल खरखौदा, विद्यालय संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, प्राचार्या दया दहिया ने स्वागत किया।

### वर्तनी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए वर्तनी प्रतियोगिता स्पेल बी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की प्राचार्या डॉ. सरोज सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता को कक्षा प्रथम से चतुर्थ, कक्षा पांचवी से आठवीं तथा कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के तीन वर्गों में बांटा गया। पहले वर्ग में प्रथम कक्षा के मयंक ने बाजी मारी। दूसरे वर्ग में कक्षा छठी की इशु तथा तीसरे ग्रुप में दीक्षा प्रथम स्थान पर रही। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. सुदेश ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मकता को आगे लाने में सहायक है।



**गोहाना।** विजेता बच्चे अपने गुरुजनों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*



**गोहाना।** कैडेट्स अतिथिगणों व शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### हर छात्रा आत्मरक्षा के गुर जरूर सीखे : कौशिक

**गोहाना।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित 7 दिवसीय आत्मसुरक्षा कराटे शिविर का समापन हो गया। शिविर में एनसीसी कैडेट्स को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। समापन सत्र की मुख्यातिथि कराटे एसोसिएशन की उपाध्यक्ष सुमन कौशिक ने कहा कि हर छात्रा को आत्मसुरक्षा के गुर जरूर सीखने चाहिएं। आत्मसुरक्षा के गुर सीखने से छात्राओं में आत्मबल का विकास होता है और वे खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कराटे एसोसिएशन के महासचिव अनिल भारद्वाज और महाविद्यालय की एनसीसी अधिकारी एकता वशिष्ठ रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सतीश कुमार ने की। प्राचार्य ने छात्राओं को मेहनत कर लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राध्यापिका महक जैन भी मौजूद रहे।

---

**कार्यक्रम** गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद गठित

# विद्यार्थी परिषदः शुभ हैड ब्वॉय और छात्रा खुशी हैड गर्ल बनी

परिषद के पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के माध्यम से चुना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद गठित की गई। परिषद के पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया, जिसमें में कक्षा 6वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने मतदान किया। नवचयनित पदाधिकारियों को स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार और उप प्रबंधक विक्रांत ने शुभकामनाएं दी और उनको उनकी जिम्मेवारियां समझाई।

स्कूल की प्राचार्या ज्योति छाबड़ा के अनुसार विद्यार्थी परिषद में हैड ब्वॉय शुभ, वाइस हैड ब्वॉय इशांत, हैड गर्ल खुशी और वाइस हैड गर्ल जोया को चुना गया। खेल अध्यक्ष निखिल, साक्षरता अध्यक्ष अक्षरा, अनुशासन अध्यक्ष अंगद, कार्यक्रम अध्यक्ष हंसिका, आयोजक अध्यक्ष सेजल, विद्यार्थी संचालक अर्जुन और तकनीकी अध्यक्ष जतिन को चुना गया। प्राचार्या ने बताया कि हाउस प्रतिनिधियों में गांधी हाउस से आदित्य, किंजल, योगेश, दीपांशु, अक्षरा और प्रतीक्षा, रमन हाउस से नैंसी, कुणाल, दीया, धीरज, अवनि और दिव्या, मिल्खा हाउस से राघव, रोहित, वंशिका, प्रवेश, हंस और पलक, टैगोर हाउस से एकता, मोहित, रिया, सानू, वंशिका और कशिश को चुना गया। कार्यक्रम का समान राष्ट्रगान के साथ किया गया।




**गोहाना।** विद्यार्थी परिषद के नवचयनित प्रतिनिधि अपने गुरुजनों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

# सरकार से छुटकारा पाने के लिए खड़ा हो चुका है जनता का संगठन : पूनम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष पूनमलता ने कहा कि उनकी पार्टी विस चुनाव के लिए तैयार है। कहा कि पार्टी का जनसंपर्क अभियान का कलेंडर बन रहा है और घोषणा पत्र भी तैयार किया जा रहा है। कहा कि प्रदेश के लोग भाजपा सरकार को प्रदेश से हटाने के लिए पूरी तैयारी के साथ विस चुनाव के लिए तैयार है। कहा कि भाजपा के खिलाफ जनता का संगठन खड़ा हो चुका है। विधानसभा चुनाव में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ा जाएगा इसका फैसला पार्टी हाईकमान जल्द करेगा। पूनमलता शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से साथ बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि वह गन्नौर विधानसभा में जनसंपर्क कर रहे हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी नेत्री ने कहा कि गन्नौर विधानसभा में पिछले पांच साल में गन्नौर का विकास ही नहीं हुआ। सनपेड़ा, धतूरी, रामनगर, खुबड़ू व दूसरे गांवो के संपर्क मार्ग आज तक भी टूटे पड़े हैं। बरसात में जलभराव की स्थिती पैदा हो जाती है। बिजली का बुरा हाल है और सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। गन्नौर आगे बढ़ने की बजाय पिछड़ गया। इस मौके पर मीडिया सचिव ओम सिंह व पार्टी कार्यालय सचिव आर के चोपड़ा भी मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### उल्टी झाड़ू लेकर किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** नगर पालिका कर्मचारी संघ के सदस्यों ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय से लेकर गीता भवन चौक तक उल्टी झाड़ू लेकर जुलूस निकाला। इसके बाद उन्होंने लोक निर्माण विभाग के गेट पर सरकार के आदेशों की प्रतियां जलाई। सरकार ने सफाई कर्मियों के लिए ऑनलाइन हाजिरी के आदेश दिए हैं। कर्मचारी इन आदेशों का विरोध कर रहे हैं। इन आदेशों को वापस लेने की मांग को लेकर संयुक्त आयुक्त रेणुका नांदल को शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। राज्य प्रेस सचिव राजीव खत्री व सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान देश राज नैन ने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा कर रही है। सरकार संघ के साथ बैठक कर सारी मांगों पर समझौता करती है, लेकिन सरकार मांग मानने के बाद भी उन्हें लागू नहीं कर रही है। कर्मचारी नेताओं ने एलान किया कि प्रदेश सरकार ने समय रहते उनकी सभी मांगों का समाधान जल्द नहीं किया तो विधानसभा चुनाव में परिणाम भुगतना पड़ सकता है।

### नगर पालिका के स्लाटर हाउस की बिल्डिंग भी निकली अवैध

# कोर्ट के आदेश पर दुकान व मकान तोड़ दिलाया कब्जा





खरखौदा। जेसीबी से कब्जा कार्रवाई करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

न्यायालय के आदेश पर सांपला मार्ग पर करीब 10 मकान व एक दुकान तोड़ी गई। मकान तोड़ने से पहले सभी मकानों के अंदर से सामान खाली करवा लिया था। ड्यूटी मजिस्ट्रेट तहसीलदार मनोज कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ यह कब्जा कार्रवाई की गई। पूर्व वाटिका के संचालक हवा द्वारा एक केस न्यायालय में चला हुआ था, जो कि फैसला उनके हक में आ गया।

मौके पर लोगों के वर्षों पुराने मकान बने हुए थे और साथ में नगर पालिका ने जो स्लॉटर हाउस बनाया हुआ था। इन सभी को तोड़ने के आदेश नगर पालिका को दिए गए थे। जिसके तहत नगर पालिका ने जेसीबी लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस की मौजूदगी में इन मकानों को पहले खाली कराया गया और भूमि मालिक को कब्जा सौंपा गया।

## फ्लैट्स की बालकनी में अवैध निर्माण, पांच के खिलाफ केस

- डीटीपी ने 52 फ्लैट्स के मालिकों को दिया नोटिस, रेजीडेंट्स में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली स्थित टीडीआई किंग्सबरी के फ्लैट्स की बालकनी में अवैध निर्माण किए जाने पर पांच मालिकों पर जिला योजनाकार की टीम ने हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो पुलिस चौकी मिमारपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है। इतना ही नहीं डीटीपी की तरफ से 52 फ्लैट मालिकों को नोटिस दिया गया है। जिन्हें जिला नगर योजनाकार के सामने अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया है। इससे रेजीडेंट्स में हड़कंप मचा है। कुंडली स्थित टीडीआई किंग्सबरी के फ्लैट की बालकनियों में नक्शे के अलग निर्माण करने पर पांच रेजिडेंट्स को नामजद कराया गया। 52 रेजिडेंट्स को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। डीटीपी के नोटिस में चेताया गया है कि अवैध निर्माण को नहीं हटाया गया तो विभाग कार्रवाई करेगा। बताया जा रहा है कि ए-4 ब्लाक की स्टिल्ट पार्किंग में किसी ने अवैध निर्माण करते हुए कमरा बना लिया था। जिस पर आरडब्ल्यूए और सोसायटी के रेजिडेंट्स ने मिलकर पुलिस में शिकायत की थी। इसके बाद लोगों ने नगर योजनाकार को शिकायत दी। विभाग के अधिकारियों ने इस अवैध रूप से बनाए गए कमरे को ढहा दिया। इसके बाद कुछ लोगों ने सोसायटी के विभिन्न टावरों की बालकनियों में पक्का निर्माण की शिकायत जिला नगर योजनाकार से की गई। बालकनियों में ईंटों से पक्की दीवार बना ली गई है। कुछ ने शीशे और एल्युमीनियम से ढांचा खड़ा करते हुए बालकनी को पूरी तरह से कवर कर दिया। इस जिला नगर योजनाकार की ओर 4 जुलाई को नोटिस जारी कर बालकनियों से अवैध निर्माण हटाने को कहा गया लेकिन किसी भी रेजिडेंट्स ने अवैध निर्माण को नहीं हटाया। इसके बाद हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो चौकी में मुकदमा दर्ज कराया गया। इसमें मुकेश, वंदना, निशि, निशा और विन्नी को नामजद कराया गया।

### निर्माण नहीं हटाने पर कार्रवाई की जाएगी

*मामले को लेकर शिकायत मिलने के बाद बालकनी में पक्का निर्माण करने वाले पांच फ्लैट मालिकों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही नक्शे के विपरीत निर्माण करने वालों को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने को कहा गया है। निर्माण नहीं हटाने पर कार्रवाई की जाएगी।*

*- नरेश कुमार, डीटीपी सोनीपत*

# गुरुकुल के मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



खरखौदा। नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करते हुए स्कूल प्रबंधन।

**खरखौदा।** गुरुकुल मटिंडू में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हुआ। जिसमें दसवीं और 12 वीं की बोर्ड की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को ईनाम देकर पुरस्कृत किया। 97 प्रतिशत अंक लेकर 12 वीं कक्षा की खुशबू पुत्री दीपक हसनगढ़ को 10 हजार रुपये की राशि इनाम स्वरूप दी गई। 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने पर आंचल पुत्री सुरेंद्र, हिमांशी पुत्री संगीत कुमार, प्रिया पुत्री जयवीर, आदित्य पुत्र बलजीत, गौरव पुत्र परवीन, निखिल पुत्र जगबीर को 5000 का नकद ईनाम दिया गया।10 वीं क्लास की छात्रा विशाखा पुत्री दयानिधि को भी 5000 का ईनाम दिया गया। मैनेजमेंट और स्टाफ ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। इस मौके पर गुरुकुल मटिंडू चेयरमैन ब्रिगेडियर सत्य देव दहिया ने कहा कि शिक्षा उन्नति व सफलता का सबसे आसान तरीका है। छात्रों को संस्कारवान व जिम्मेवार नागरिक बनाना ही स्कूल व अभिभावकों की प्रथम जिम्मेदारी होनी चाहिए। प्रिंसिपल ज्योति मालिक ने मेधावी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिली समग्र शिक्षा अभियान की टीम, सौंपा ज्ञापन



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के आवास पर पहुंचें शिक्षा विभाग में कर्मचारी।

**सोनीपत।** समग्र शिक्षा अभियान सोनीपत में कार्यरत सर्व शिक्षा कर्मचारी संघ सोनीपत की टीम ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक मोहन लाल बड़ोली से मुलाकात की। इस दौरान बड़ौली को हरियाणा के अध्यक्ष बनने की शुभ कामनाये दी और साथ-साथ उन्होंने समग्र शिक्षा कर्मचारियों के लिए बाई लाज सहित सेवा सुरक्षा की बात रखते हुए ज्ञापन सौंपा। जिसके लिए अध्यक्ष ने सकारात्मक आश्वासन दिया। सोनीपत की टीम मे गोहाना से बलराज, कथूरा से रवि चहल, राई से पूनम, आशीष, सोनीपत से एबीआरसी मोनिका दहिया, सूची, ईशा, कीर्ति, अंजू, मंजू सैनी, सीमा, रीना, डीपीसी ऑफिस से रविंदर दहिया, अनिल नैन, संदीप, रणजीत, निर्मल, प्रोमिला, रीना आदि उपस्थित रहे।

## नगर निगम के निर्माणाधीन भवन के कार्य को पुनः शुरू करवाने का आग्रह



सोनीपत। निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करते हुए भाजपा नेता राजीव जैन।

**सोनीपत।** सेक्टर 3 में नगर निगम के निर्माणाधीन भवन के ठप्प पड़े निर्माण कार्य को पुनः शुरू करवाने के प्रयास मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार राजीव जैन ने शुरू किये हैं। उन्होंने स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा के संज्ञान में मामला लाकर भवन का निर्माण कार्य पूरा करवाने का आग्रह किया है। राजीव जैन ने शुक्रवार को भवन की हालत का मौका देखकर स्थानीय निकाय मंत्री को फोन किया और बताया कि निर्माण कार्य पुनः शुरू नहीं हुआ तो भवन पर खर्च किया गया करोड़ों रुपए बेकार हो जायेगा। उल्लेखनीय है कि भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में नगर निगम का गठन होने के बाद 52 करोड़ की लागत से भवन का निर्माण कार्य शुरू हुआ था ताकि नागरिकों को सारी सुविधाएँ एक छत के नीचे मिल सकें। राजीव जैन ने मंत्री को बताया कि नगर निगम का पुराना कार्यालय बहुत पुराना और छोटा है जिस कारण नगर निगम कार्यालय का स्टाफ शहर के अलग अलग कोनो में बैठकर कार्य कर रहा है जिससे नागरिकों को इधर उधर घूमने में ही काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर निगम की बैठक भी बाहर ही किसी स्थान पर करनी पड़ती है और अब सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण का गठन भी हो चुका है जिसका स्टाफ भी पुराने नगर निगम भवन में ही बैठने लगा है।

### फर्जी दस्तावेज देकर पंजीकरण करवाया कर्मियों को वेतन भी नहीं दिया

*सोनीपत। वन विभाग के ठेकेदार पर फर्जी दस्तावेज देकर पंजीकरण कराने व बाद में कर्मियों का वेतन नहीं देने का आरोप लगा है। इतना ही नहीं आरोप है कि उसने वन विभाग में ठेके पर नियुक्त कर्मियों का ईपीएफ व ईएसआई भी जमा नहीं कराया। इसकी जांच कराने के बाद गड़बड़ी सामने आने पर उप वन संरक्षण ने पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर गबन, धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। उप वन संरक्षक ने सिटी थाना पुलिस को बताया कि वन मंडल के अधीन सोनीपत काठ मंडी निवासी योगेश कुमार ठेकेदारी करता है। उसने लाइसेंस रिन्यू कराने को वन मंडल में लिखित में भेजा था। जिसकी जांच अतिरिक्त वन मंडल अधिकारी सुरेश कुमार पूनिया की तरफ से गई। जिनकी जांच रिपोर्ट 9 मई को मिली थी। जिसमें उन्होंने लिखा था कि योगेश कुमार ने मजदूरों के वेतन की अदायगी नहीं की है। साथ ही ठेके पर लगे कर्मियों का ईपीएफ व ईएसआई भी नहीं जमा करवाया जा रहा है। इतना ही नहीं जांच में पता चला कि उसने पंजीकरण के समय फर्जी दस्तावेज दिए थे। जिसकी जानकारी वन मंडल अधिकारी, चरखी दादरी के पत्र से हुई। उन्होंने भिवानी के सांजरवास की ग्राम वन समिति के चेयरमैन का सत्यापन पत्र कार्यालय में भेजा था। जिस पर सुरेश कुमार पूनिया ने ठेकेदार के खिलाफ धोखाधड़ी व झूठे कागजात से विभाग में कार्य करने व सरकारी धनराशि के किए जा रहे गबन को लेकर मुकदमा दर्ज कराने की सिफारिश की थी।*

## एसडीएम और पीडब्लयूडी कार्यकारी अभियंता की टीम करेगी जांच

**सोनीपत।** यमुना बांध के अंदर अस्थायी ठोकरें बनाने के मामले में लापरवाही बरतने के ग्रामीणों के आरोपों के बाद जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने आदेश जारी करते हुए ठोकरों की जांच के लिये टीम का गठन किया है। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सोनीपत व गन्नौर एसडीएम के साथ लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता की टीम बनाई है। यह टीम बेगा, बड़ौली व मनौली बांध के अंदर जाकर सिंचाई विभाग की ओर से बनाई जा रही रेत के कट्टों की बनाई जा रही ठोकरों की जांच पड़ताल करेगी। इसके बाद यह टीम अपनी जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। सिंचाई विभाग ने यमुना में ठोकर बनाने का काम शुरू किया तो पत्थर की कमी आड़े आ गई थी। चरखी दादरी से यमुना नदी पर पत्थर पहुंचाने में देरी होने के कारण सिंचाई विभाग बेगा, बड़ौली व मनौली घाट पर पत्थरों के बजाय रेत से कट्टे की ठोकरें बनाई जा रही हैं। इस कार्य को पूरा करने के लिए 1.12 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इस मामले में 30 जून को विधायक मोहनलाल के गांव बड़ौली में यमुना बांध के अंदर बनाई जा रही ठोकरों के लिए रेत का टीला बनाकर कट्टों की परत रखे जाने के मामले में किसानों ने सवाल उठाए थे। उनका कहना था सिंचाई विभाग की ओर से ठोकर निर्माण के लिए रेत का टीला बनाकर उसको कट्टों की परत से ढका गया है। जिससे साबित होता है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी सरेआम काम में धांधली रहे हैं और सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस पर उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने मामले की जांच के आदेश जारी किए हैं।

### कार्रवाई की जाएगी

*यमुना बांध के अंदर रेत से कट्टों की ठोकरें बनाई जा रही है। ठोकरें निर्माण के लापरवाही का अंदेशा है। जिसकी जांच कराने के लिए अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।*

*-डॉ. मनोज कुमार, उपायुक्त, सोनीपत*

## डीक्रूटा का आरोप कुलपति ने एक्ट के खिलाफ जाकर बनाए ईसी के सदस्य

*सोनीपत। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल की टीचिंग एसोसिएशन डीक्रूटा ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा की विधानसभा में पास विश्वविद्यालय एक्ट की धज्जियां उड़ाते हुए अपने हित साधने के लिए बेखौफ होकर कार्य कर रहा है। कुलपति ने हरियाणा विधानसभा में पास विश्वविद्यालय एक्ट के खिलाफ जाकर राज्यपाल की आंखों में धूल झोकर ईसी के सदस्य नॉमिनेट करवाए। ईसी की मीटिंग में अपने हित साधने के लिए व कर्मचारियों के खिलाफ चोरी छिपे एजेंडे लाए गए। डीक्रूटा ने ईसी में हुई अनियमितताओं के खिलाफ राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। डीक्रूटा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय में कंसल्टेंसी से आने वाले पैसे पर रोक लगाने की तैयारी कर ली है।डीक्रूटा ने कहा कि हरियाणा विधानसभा में पास ईसी के एक्ट के अनुसार विश्वविद्यालय की ईसी के 6 सदस्य कुलपति की रिकमेंडेशन पर राज्यपाल द्वारा बनाए जाते हैं। जिसके लिए 6 सदस्य प्रसिद्ध व्यक्ति होने चाहिए जो कि इंडस्ट्री,चैंबर ऑफ कॉमर्स, तकनीकी विश्वविद्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट या एआईसीटीई से ही हो सकते हैं, लेकिन कुलपति ने राज्यपाल की आंखों में धूल झोकते हुए जो ईसी के सदस्य नॉमिनेट करवाए हैं, वे हरियाणा विधानसभा में पास विश्वविद्यालय एक्ट के अनुसार हैं ही नहीं। जो ईसी के सदस्य कुलपति ने राज्यपाल महोदय से नामित करवाए हैं वे सदस्य उर्पयुक्त संस्थानों में से नहीं हैं।*

*ये है नियमः डीक्रूटा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय एक्ट के अनुसार कि ईसी की मीटिंग हरियाणा विधानसभा में पास विश्वविद्यालय एक्ट के अनुसार ही होनी चाहिए। विश्वविद्यालय एक्ट के अनुसार 5 प्रोफेसर व डीन ईसी के सदस्य होते हैं, लेकिन कुलपति ने यहां पर अपने मनमर्जी के निर्णय लेने के लिए विधानसभा एक्ट की धज्जिया उड़ाते हुए तीन सदस्य ईसी के लिए नामित ही नहीं किए। जब इस पर डीक्रूटा ने इस संदर्भ में अपना ज्ञापन कुलपति के नाम दिया तो तब आनन फानन में सरकार से नामित करने के संबंध में खानापूर्ति करने के लिए एक पत्र रजिस्ट्रार ने सरकार को भेजा था, लेकिन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पूर्व में स्वयं ईसी में डीन व प्रोफेसर के रूप में सदस्य रह चुके हैं, रजिस्ट्रार को नियमों की पूर्ण जानकारी होने के बाद नियमों की जानकारी न होने का ड्रामा करते हुए पत्र सरकार को भेजा, ताकि ईसी में अपनी मन मर्जी के निर्णय ले सकें।*

### सीवर का पानी ओवरफ्लो, लोगों ने किया प्रदर्शन



**सोनीपत।** सरस्वती विहार गली नंबर 7ए में सीवर का पानी ओवरफ्लो हो रहा है, जोकि लोगों के लिये परेशानी का सबब बनता जा रहा है। पानी ओवरफ्लो होने के कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। इसके विरोध में शुक्रवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में कॉलोनी वासियों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने आरोप लगाया कि गंदे पानी के जमा होने के कारण आसपास के इलाके में बीमारियां फैलनी लगी हैं, विशेषतौर पर मच्छर जनित बीमारियों से लोगों का जीना मुहाल हो गया हैं। इस अवसर पर प्रदीप, संदीप, कुलदीप, राजवीर, रोहतास आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## सरपंच ने प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली का किया स्वागत



टेहा गांव के सरपंच आशीष त्यागी प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत करते साथ में त्रिलोक चंद शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राई से विधायक मोहनलाल बडौली को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर टेहा गांव के सरपंच आशीष त्यागी, त्रिलोकचंद शर्मा राजलू, महाबीर शर्मा, सुभाष वशिष्ठ, सुरेश त्यागी पूर्व सरपंच बड़ी, श्रवण कौशिक, शिव कुमार, राहुल आदि ने बधाई दी। सरंपच आशीष त्यागी ने कहा कि विधायक मोहनलाल बड़ौली को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उनकी नियुक्ति से प्रदेश के लोगों में खुशी है।

# सृष्टि में देवों के देव कहलाते हैं महादेव : मेयर

## जटवाड़ा की प्रजापत चौपाल में पहुंचे मेयर, शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में लिया हिस्सा

- इतने भोले हैं कि अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते है



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें मेयर निखिल मदान, पार्षद एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मेयर निखिल मदान शुक्रवार को जटवाड़ा की प्रजापत चौपाल में पहुंचे, जहां उन्होंने शिव मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर आयोजित हवन में हिस्सा लिया और आहुति दी। मेयर निखिल मदान ने कहा कि महादेव सृष्टि में देवो के देव कहलाते हैं। इसके साथ ही उन्हें भोले का नाम भी दिया गया है। इससे स्पष्ट हैं कि वे सभी देवों के देव हैं और इतने भोले हैं कि अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं। मेयर निखिल मदान ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होना बेहद सौभाग्य की बात है, वो सभी क्षेत्र वासियों को मंदिर निर्माण की शुभकामनाएं देते है। प्रजापत समाज के प्रधान राज सिंह ने बताया कि सबके सहयोग से शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ है और आज विशाल भंडारा भी आयोजित किया है। इस मौके पर पार्षद हरि प्रकाश , प्रधान राज सिंह, विनोद कुमार, गौरव, अत्तर सिंह, बृजेन्द्र, कृष्ण कुमार, उमा शंकर, पूर्ण सिंह, मौजी राम, सुनील, जसवंत, विकास, शिवकुमार आदि लोग मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता** इंडिया टेलेंट ओलंपियाड व कंप्यूटर विज्ञान में श्रेष्ठ शैक्षिक प्रतिभा का प्रदर्शन

# इंडिया टेलेंट ओलम्पियाड में छाए छात्र

- प्रतियोगिता में जानवी और वर्षा ने हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का परचम लहराया




राई। प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को सम्मानित करते निदेशक योगराज भारद्वाज व प्रधानाचार्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

नाथूपुर स्थित ओम शांति शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रागंण में इंडिया टेलेंट ओलंपियाड व कंप्यूटर विज्ञान में श्रेष्ठ शैक्षिक प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के 24 छात्र-छाआओं को विद्यालय के निदेशक योगराज भारद्वाज तथा विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने मंच पर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में जानवी और वर्षा ने हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का परचम लहराया। जानवी और वर्षा को क्रमश 700 और 500 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसके साथ ही अपनी-अपनी कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। जिनमें महक, तनय, परी, षिकेश, सच, लक्षिका, खुशी, काजल, प्रतिभा, दीपांशु, नेहा, स्वाती, आँचल, सोनाक्षी और नमन ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक योगराज भारद्वाज ने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने विद्यालय की उपाधियों की जानकारी दी तथा सभी विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय में खुशी और उत्साह का वातावरण बना रहा।



### पावर हाउस में पौधरोपण अभियान, 20 पौधे लगाए

**सोनीत।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा फाजिलपुर पावर हाउस में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बिजली विभाग में अकाउंटेंट मनोज दहिया ने पौधा लगाकर अभियान को शुरू किया। मनोज दहिया ने कहा कि पेड़ हमारे लिये बहुत जरूरी हैं। क्योंकि पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, क्योंकि प्राणदायिनी ऑक्सीजन पेड़ों से ही मिलती है। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया की आज की मुहिम में बेलगरी, जामुन, नीम के 20 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, अंग्रजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, पहलवान हवा सिंह अंतिल, सतीश भारद्वाज, प्रधान सतीश दहिया, सुमित कटारिया, सतीश चहल, सुरेश लाकड़ा, रमेश शर्मा, जगवीर कौशिक आदि उपस्थित रहे।